तापमान

अधिकतम 37 .4 डिग्री
न्यूनतम 23 .5 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, रविवार, 12 मई 2024

9 मदर डे पर कार्यक्रम का आयोजन



10 मतगणना की तैयारियों को लेकर किया बिट्स का दौरा



## खबर संक्षेप

### पिकअप ने स्कूटी सवार को टक्कर मारी

**खरखौदा।** गोपालपुर बाईपास पर एक महिंद्रा पिकअप गाड़ी ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव कुंडल निवासी सतीश ने बताया कि वह स्कूटी पर खरखौदा से अपने गांव जा रहा था। जब वह गोपालपुर बाईपास पर पहुंचा तो महिंद्रा पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए मैक्स अस्पताल दिल्ली ले गए हैं। पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव

**सोनीपत।** मुरथल रोड पर स्थित मिष्ठान भंडार के सामने खाली जमीन पर एक व्यक्ति का शव मिला है। आसपास के लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। वार्ड-1 के पार्षद हरिप्रकाश सैनी ने बताया कि मुरथल रोड पर खाली जमीन पर शव पड़ा होने की सूचना पर मौके पर पहुंचे थे। आसपास के लोगों ने बताया कि मृतक व्यक्ति वहीं आसपास के क्षेत्र में कचरा बीनता था। शनिवार को लोगों ने उसका शव वहां देखा। सूचना पाकर वह भी मौके पर पहुंचे। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की पहचान का प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। सेक्टर-27 थाना पुलिस का कहना है कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**खरखौदा।** सोनीपत मार्ग पर मोटरसाइकिल सवार द्वारा एक युवक को टक्कर मार देने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए पीजीआई रोहतक ले जाया गया। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। वार्ड संख्या एक निवासी कपिल ने बताया कि शुक्रवार को देर रात्रि को उसे सूचना मिली कि उसके भाई गौतम का सोनीपत मार्ग रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने एक्सीडेंट हुआ है। जब वह मौके पर पहुंचा तो पता चला कि उसका भाई गौतम और उसका दोस्त संदीप सड़क पर पलट गए कैंटर की मदद कर रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल ने उसके भाई गौतम को सीधी टक्कर मार दी। जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। वह अपने भाई को उसके दोस्त संदीप की मदद से पीजीआई रोहतक इलाज के लिए ले आया। शनिवार को इलाज के दौरान उसके भाई गौतम की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार किया जाएगा।

## शुक्रवार रात आफत बनकर आया तूफान : 20 घंटे छाया रहा ब्लैक आउट

# 7 हजार पेड़ उखाड़े, 1456 खंभे और ट्रांसफार्मर गिरे

# आंधी में उड़कर आई टीन किशोरी के गले पर लगी, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शुक्रवार रात आई आंधी जिले में आफत बनकर आई। आंधी ने कहर बरपाते हुए जिले भर में सात हजार से अधिक पेड़ उखाड़ दिए, वहीं 1456 बिजली के खंभे व ट्रांफार्मर के पोल भी तोड़ दिए। जिससे बिजली निगम को करीब 1.32 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। आंधी ने सड़कों के साथ-साथ रेल यातायात को भी पूरी तरह से प्रभावित किया। खंभों के टूटने की वजह से जिले भर में लगभग 20 घंटे तक ब्लैक आउट छाया रहा। बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप थी, जिसके कारण पेयजल आपूर्ति भी पूरी तरह से ठप हो गई। शनिवार सुबह जहां-जहां बिजली आपूर्ति शुरू हुई, वहां-वहां बूस्टिंग स्टेशनों को चालू कर पानी की सप्लाई की गई। शाम पांच बजे तक आधे शहर में बिजली आपूर्ति ठप थी, जिसकी वजह से 7 बूस्टिंग स्टेशन भी बंद रहे। कई जगहों पर नगर निगम द्वारा पानी के टेंकर भेज कर पेयजल व्यवस्था की गई। वहीं आंधी के साथ आई बारिश ने रेल यातायात प्रभावित किया। रेलवे ट्रैक पर कई स्थानों पर पेड़ों के तने टूटकर गिरने से रेलवे यातायात बाधित हो गया। जिससे लंबी दूरी की ट्रेनें अलग-अलग स्टेशनों पर खड़ी रही। ट्रेनों में भारी भीड़ होने के चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। करीब दो घंटे तक रेलवे यातायात बाधित रहा। तूफान में लगभग सात हजार से ज्यादा पेड़ उखड़ कर सड़कों पर गिर गए।

- बिजली निगम को 1.32 करोड़ रुपये का नुकसान
- ब्लैक आउट होने की वजह से बाधित रही पेयजल आपूर्ति
- कई जगहों पर लोहे के शेड उखड़े, मार्ग पर पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित, सोलर पैनल तक उखड़ गए

### 1334 खंभे तो 122 ट्रांसफार्मर गिरे

शुक्रवार रात को आई आंधी का असर जिले की बिजली आपूर्ति सहित यातायात व्यवस्था पर पड़ा। आंधी के कारण विभिन्न स्थानों पर बिजली के 1334 खंभे व 122 ट्रांसफार्मर गिर गए। कई जगह बिजली की लाइनें टूटकर गिर पड़ी। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों व खेतों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। रात भर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र अंधेरे में डूबे रहे। शनिवार सुबह बिजली निगम के कर्मचारी फाल्ट तलाशने व हुए नुकसान का आंकलन करने में जुट गए। बिजली निगम के अधिकारियों का कहना है कि शनिवार शाम तक करीब 60 फीसदी बिजली आपूर्ति बहाल कर दी थी। देर रात तक अधिकतर क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बहाल करने का दावा किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि कृषि क्षेत्र की बिजली आपूर्ति अभी बंद रहेगी।

### गिरी मकान की छत, हवा में उड़े बोर्ड

आंधी में सोनीपत के बड़ा बाजार स्थित दुकान की छत पर लगा टावर साथ लगते मकान की छत पर गिर गया। जोरदार आवाज के साथ टावर गिरने से लोगों में हड़कंप मच गया। शुक्रवार रात को आंधी में दुकानों के बाहर लगे साइन बोर्ड हवा में उड़ते रहे। खंभों पर लगाए गए साइन बोर्ड भी आंधी में गिर गए।

### छत गिरने से चोटिल

अनेक स्थानों पर भारी भरकम पेड़ उखड़कर गिर गए। जिससे यातायात बाधित हो गया। जाहरी के नजदीक अंडरपास पर लगी शेड पोल सहित उखड़कर गिर गई। जिससे यह मार्ग भी यातायात के लिए बाधित हो गया। वहीं चिटाना में अतर सिंह के मकान की छत गिर गई, जिसके चलते अरमान, दर्शना और गीता चोटिल हो गए। इसके अलावा घर के सामान का भी नुकसान हुआ है।



सोनीपत। चिटाना में आंधी के चलते क्षतिग्रस्त मकान।

### बूस्टिंग स्टेशन बंद रहने से पेयजल को तरसे

रेनीवेल प्रोजेक्ट के तहत गांव जाजल से लेकर सोनीपत शहर तक करीब 24 किमी लंबी पेयजल पाइप लाइन के जरिये 14 लाख लीटर पानी आपूर्ति की जाती है। इसके लिये नगर निगम की ओर से रेनीवेल पर 20 घंटे ट्यूबवेल चलाए जाते हैं। शुक्रवार रात को आई आंधी के दौरान बिजली आपूर्ति ठप हो गई। शहर के अंदर बूस्टिंग स्टेशनों पर जितना पानी की मात्रा थी, उसी से काम चलाया गया। जिन इलाकों में दिनभर बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हुई पश्चिमी क्षेत्र के कालूपुर, पुरानी तहसील, सेक्टर-23, पूर्वी क्षेत्र में आईटीआई, नागरिक अस्पताल, मॉडल टाउन, सुजानसिंह पार्क के बूस्टिंग स्टेशन बंद रहे। वहां से पानी की आपूर्ति न होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### यह कॉलोनियां रही सबसे ज्यादा प्रभावित

पेयजल आपूर्ति नहीं होने के कारण कबीरपुर, मॉडल टाउन, धानक बस्ती, आदर्श नगर, ऋषिनगर, शिव कॉलोनी, तारा नगर, नरेंद्र नगर और सिक्का कॉलोनी समेत अन्य कई कॉलोनियों के लोगों को पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। न्यू मिशन कॉलोनी, भगत सिंह कॉलोनी, विकास नगर, मालवीय नगर, वेस्ट रामनगर, गढ़ी घसीटा, ककरोई रोड, डबल स्टोरी, पंचशील कॉलोनी, सुंदर सांवरी, न्यू महावीर कॉलोनी, सुदामा नगर, बाबा कॉलोनी, मोहन नगर, लक्ष्मण कॉलोनी में सबसे ज्यादा पेयजल समस्या बनी रही। इन कॉलोनियों में पानी की आपूर्ति न होने से लोगों को परेशानी हुई। लोगों को पेयजल के लिए कैंपर खरीदकर काम चलाना पड़ा है।

### रेल यातायात प्रभावित

आंधी के साथ आई बारिश में पेड़ों के तने टूटकर कई स्थानों पर रेलवे ट्रैक पर गिर गए। दिल्ली-पानीपत रेलवे लाइन पर समालखा व दीवाना स्टेशन के पास ट्रैक पर पड़े पेड़ों के कारण ट्रेनों के पहिये थम गए। एचएनके सवारी गाड़ी में बैठे यात्रियों ने ट्रैक पर पड़े पेड़ों के तने हटाते हुए रास्ता साफ किया। हालांकि दिल्ली से पहुंची टीम ने भी तकनीकी खामी को दूर कर ट्रेनों का परिचालन शुरू करवाया। इस दौरान मूरी एक्सप्रेस सांदल कलां स्टेशन पर, हिमाचल एक्सप्रेस सोनीपत स्टेशन पर, नेताजी एक्सप्रेस राठधना स्टेशन पर, एचएनके पैसेंजर दीवाना स्टेशन पर, ईडीपी पैसेंजर समालखा स्टेशन पर खड़ी रही।

बिघल-पिनाना मार्ग पर टूटा शेड



आंधी के कारण टूटे पड़े सोलर पैनल



तूफान में घायल हुए परिवार के लोग



### टैंकरों से पानी की आपूर्ति की गई

रात को आई आंधी की वजह से बिजली आपूर्ति बंद रही। जिसकी वजह से जाजल के पास रेनीवेल से शहर में पानी नहीं आया। जिन क्षेत्रों में बिजली बहाल होती गई, वहां के बूस्टिंग स्टेशनों से पानी आपूर्ति की गई। शहर के जिन इलाकों में बूस्टिंग स्टेशनों से पानी की आपूर्ति नहीं हुई वहां पर टैंकरों से पानी की आपूर्ति की गई।

**विशाल गर्ग**, कार्यकारी अभियंता नगर निगम

### आंधी में गिरे पेड़ों को ट्रैक से हटाया

आंधी के चलते पेड़ों के तने टूटकर रेलवे ट्रैक पर गिरने से रेलवे यातायात बाधित हो गया था। जिस कारण ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोकना पड़ा। इससे यात्रियों को थोड़ी परेशानी झेलनी पड़ी। ट्रैक बहाल कर रेलवे यातायात सुचारू करवा दिया था।

**दीपक कुमार**, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, दिल्ली

### दोपहर को बिजली आपूर्ति बहाल की

आंधी से बिजली की लाइनों को नुकसान हुआ है। जिलेभर में करीब 850 खंभे व ट्रांसफार्मर टांसफार्मर गिर गए। अधिकतर इलाकों में दोपहर पूर्व ही बिजली आपूर्ति चालू कर दी थी।

जीआर तंवर, अधीक्षण अभियंता, बिजली निगम

### 14 साल की थी संध्या परिवार में शोक

**सोनीपत।** रात को आंधी में उड़कर आई टीन किशोरी के गले पर जा लगी। जिससे किशोरी की मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी के गांव दिलीपुर का परिवार सात माह पहले गांव शहजादपुर में विकास ईंट भट्ठे पर आया था। मिथलेश ने बताया कि शुक्रवार रात को परिवार के सदस्य भट्ठे पर बनी झोपड़ी में सो रहे थे। इसी दौरान आंधी आ गई। जिसमें झोपड़ी के उड़ने के डर से वह बाहर आ गए। सदस्य बाहर आए तो उनकी बहन संध्या (14) भी झोपड़ी से निकलने लगी। इसी दौरान टीन उडकर उसकी गर्दन में जा लगी। हादसे में संध्या की मौके पर ही मौत हो गई। टीन उसके ऊपर गिर गई। जब वह दिखाई नहीं दी तो उसकी तलाश शुरू कर दी।

### पीछे तबाही छोड़ गया तूफान

**खरखौदा।** बीती रात आए तूफान में खरखौदा क्षेत्र में आम लोगों को भी काफी नुकसान हुआ है। किसानों की फसलें भी तबाह हो गई हैं। बेल व टमाटर की फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं खरखौदा में बिजली व्यवस्था करीब 19 घंटे प्रभावित रही। बिजली निगम के कर्मचारियों की काफी मेहनत के बाद बिजली लाइन को सुचारु किया जा सका। इलाके में करीब 180 खंभे इस तूफान में गिर गए और वन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 400 वृक्षों को नुकसान हुआ है। सड़क किनारे जो वृक्ष गिरे उनसे बिजली लाइन को भी प्रभावित किया है। इसलिए वन विभाग व बिजली विभाग के सांझा प्रयास से मार्गों पर गिरे वृक्षों को हटाया जा सका और बिजली सुचारू की गई। इसी तरह के हालात गांव में भी रहे। गांव के सरपंचों ने व ग्रामीणों ने साथ मिलकर विभाग का कार्य कराया और बिजली लाइन को शुरू करवाया। बिजली लाइन प्रभावित के कारण खरखौदा शहर में पेयजल की सप्लाई भी नहीं हो पाई। खांडा गांव में खेतों में बनी डेयरी की शेड तूफान में उड़ गई और खेतों में लगे सोलर सिस्टम भी कई एकड़ दूर मिले। खरखौदा कन्या महाविद्यालय में बैडमिंटन हाल की शेड व अन्य कई जगह पर शेड भी उड़ गई।

### डेढ़ सौ एकड़ का तूड़ा जला

**खरखौदा।** सेहरी गांव में 150 एकड़ के तूड़े में शुक्रवार की रात को तेज आंधी के कारण आग लग गई। जिससे तूड़ा जल कर राख हो गया। राकेश का कहना है कि वह बीते दो-तीन साल से तूड़े का स्टाक करता है।इस बार भी उसने 150 एकड़ के तूड़े का स्टाक किया था। शुक्रवार को करीब सवा नौ बजे आई तेज आंधी में कहीं से चिंगारी उड़कर आई और तूड़े के ढेर में इससे आग लग गई। उन्होंने इसे बुझाने का प्रयास भी किया और दमकल केंद्र को भी इसकी सूचना दी। लेकिन तेज आंधी के कारण आग काबू से बाहर होती चली गई। साढ़े ग्यारह बजे दमकल गाड़ी पहुंची, लेकिन आग काबू में नहीं आ पाई, रात चार बजे तक सारा तूड़ा जलकर राख हो गया।



पोर्टेबल मशीन लेकर भाग निकला जांच करने वाला लोनी में केस दर्ज

# 30 हजार में तय हुआ था लिंग जांच का सौदा रोडवेज परिचालक सहित चार लोग गिरफ्तार

## सोनीपत पीसी पीएनडीटी टीम ने की उत्तर प्रदेश में कार्रवाई, सोनीपत का था दलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत की पीसी पीएनडीटी टीम ने उत्तर प्रदेश में कोख के कातिलों का पर्दाफाश किया है। सोनीपत से महिला डिकॉय को गाजियाबाद के लोनी स्थित तंग गली के घर में ले जाकर उनका अल्ट्रासाउंड कर गर्भ में लड़का होने की जानकारी दी गई। महिला डिकॉय ने भ्रूण लिंग जांच के लिए 30 हजार में सौदा किया था। इस पर टीम ने कार्रवाई करते हुए यूपी रोडवेज के परिचालक समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। वहीं अल्ट्रासाउंड करने वाला आरोपित पोर्टेबल मशीन लेकर भाग निकला। लोनी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीसी पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. सुमित कौशिक ने बताया कि कैथल स्वास्थ्य विभाग की गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसी पीएनडीटी) टीम को सोनीपत में भ्रूण लिंग जांच की सूचना मिल रही थी। इस पर वहां की टीम ने डिकॉय महिला तैयार की। महिला डिकॉय ने भ्रूण लिंग जांच के लिए सोनीपत निवासी दलाल गौरव मलिक से 30 हजार में सौदा किया। इस बीच कैथल के पीसी पीएनडीटी अधिकारी डॉ. दीपक पूनिया ने सोनीपत की टीम को मामले से अवगत कराया और कार्रवाई के लिए अपनी टीम में शामिल किया। दलाल गौरव मलिक ने डिकॉय महिला को सोनीपत बुलाया।

इसके बाद गौरव मलिक अपने मौसा उत्तर प्रदेश के बागपत निवासी जगत सिंह के पास डिकॉय महिला को लेकर पहुंचा। जगत सिंह यूपी रोडवेज में परिचालक है। वहां से जगत सिंह ने डिकॉय को बड़ौत में अपनी जानकार चिकित्सक ममता के पास भेज दिया। वहां ममता ने डिकॉय से 9 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद ममता ने अपने बेटे अंकुर को गर्भवती महिला के साथ लोनी भेज दिया। लोनी से कुछ दूरी पर गर्भवती महिला को अंकुर अपनी बाइक पर बैठा कर तंग गलियों से ले जाकर विनीत भारद्वाज के पास घर में ले गया। जहां डिकॉय का विनीत भारद्वाज ने अल्ट्रासाउंड किया और उन्हें गर्भ में लड़का होने की बात कही।



सोनीपत। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पकड़े आरोपित।

### पैसे किए बरामद

इसके बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए दलाल गौरव मलिक, अंकुर, ममता व यूपी रोडवेज के परिचालक को पकड़ लिया। जबकि अल्ट्रासाउंड करने वाला विनीत भारद्वाज पोर्टेबल मशीन लेकर भाग गया। इस पर टीम ने अंकुर से 11 हजार रुपये व उसकी मां ममता से 9 हजार रुपये बरामद हुए। टीम ने लोनी पुलिस को शिकायत देकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

**गढ़ी सिसाना में ग्रामीणों ने घेरकर दो चोरों को पकड़ा** : **खरखौदा।** गढ़ी सिसाना गांव में एक घेर में चोरी करते हुए ग्रामीणों ने दो युवकों को पकड़ा है। धर्मेंद्र ने बताया कि गांव के साथ खेतों में उनका घेर बना हुआ है। जहां पर उनका गेहूं का ठेका व एक बैटरी का इन्वर्टर लगा हुआ है। करीब 10 दिन पहले उनके घेर से गेहूं व इनवर्टर की बैटरी को चोरी किया गया था। वह चोरों को पकड़ने के लिए अपने घेर में छिपकर बैठा हुआ था। दिन के करीब साढ़े 11 बजे दो युवक उनके घेर में घुस गए। उसने आवाज लगाकर पड़ोसियों को बुला लिया। पकड़े गए युवकों ने अपनी पहचान हुमायूंपुर निवासी रवि व अक्षय के रूप में दी।

### कार की टक्कर में बच्चे के पैर की हड्डी टूटी, केस

**सोनीपत।** गांव खेवड़ा में चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए बच्चे को टक्कर मार दी। हादसे में नौ साल के बच्चे के पैर हड्डी टूट गई। बहालगढ़ थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव खेवड़ा निवासी नरेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके परिवार में शादी थी। वह अपने बेटे समर आंतिल (9) के साथ शादी समारोह में गए थे। शादी का समारोह खेवड़ा-दीपालपुर रोड पर था। उनका नौ साल का बेटा समर आंतिल खाना खाने के बाद बाहर आया था। इस बीच एक व्यक्ति अपनी कार को तेज रफ्तार में चलाता हुआ लाया। वह कार को तेज दौड़ाकर अचानक ब्रेक लगा रहा था। जिससे कार ने उनके बेटे समर आंतिल को चपेट में ले लिया। उनके बेटे का पैर टूट गया। उन्होंने सोनीपत के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसके बेटे के पैर का आप्रेशन किया है।



**खबर संक्षेप**



समारोह में एक मां को सम्मानित करते हुए प्राचार्या उषा कौशिक।

### ईश्वर से भी बढ़कर है मां का दर्जा : अनिल मलिक

**गोहाना।** गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को मातृ दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी माताओं को नमन किया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या उषा कौशिक ने की। समारोह का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ हुआ। मुख्य वक्ता स्कूल के एमडी अनिल मलिक ने कहा कि दुनिया में एक मां ही है जो अपने बच्चों से सबसे अधिक प्यार करती है और उनके लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देती है। मां का दर्जा ईश्वर से भी बड़ा है। अपने माता-पिता का हमेशा आदर और सम्मान करें। हमारे माता-पिता हमारे जीवन क आधार हैं। समारोह को आकर्षक बनाने के लिए विद्यार्थियों द्वारा पारंपरिक खेल भी खेले गए।

जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में पहुंचे अधिकारी

# मतगणना की तैयारियों को लेकर किया बिट्स मोहाना का दौरा

स्ट्रॉन्ग रूम एवं मतगणना केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत लोकसभा आम चुनाव के लिए मतगणना प्रक्रिया का आयोजन बिट्स मोहाना में किया जाएगा, जिसकी तैयारियों को जायजा लेने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने अधिकारियों के साथ मिलकर बिट्स मोहाना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बिट्स मोहाना में जिला की सभी छः विधानसभाओं की मतगणना के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम एवं मतगणना केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सबसे पहले बैल्ट पेपर की गिनती के लिए बनाए गए मतगणना केन्द्र में पहुंचकर वहां की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस हॉल में सुरक्षा को देखते हुए 06 कैमरे लगवाएं जाएं ताकि यहां की हर स्थिति पर नजर बनाई जा सके। इसके बाद उन्होंने मतगणना के लिए सभी विधानसभाओं के मतगणना केन्द्रों और स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर सभी स्टोंग रूम में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत सभी स्ट्रोंग रूम के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों और बैरीकेटिंग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्ट्रोंग रूम में एंट्री केवल एक ही मार्ग से होनी चाहिए। सभी खिड़कियों एवं अनावश्यक दरवाजों को इंटों की दीवारों से बंद किया जाए। इस मौके पर एसडीएम अमित कुमार, डीआरओ हरिओम अत्री, निर्वाचन तहसीलदार दिनेश शर्मा, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन प्रशांत कौशिक, डीआईओ विशाल सैनी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



सोनीपत। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए उपायुक्त साथ में अन्य अधिकारीगण।

### 13, 14 व 15 मई को पोलिंग पार्टियों के लिए होगी दूसरी पायलट रिहर्सल

*लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर 25 मई को होने वाले मतदान के लिए ड्यूटी देने पोलिंग पार्टियों के लिए 13, 14 व 15 मई को दूसरी पायलट रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। पायलट रिहर्सल के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा सभी पोलिंग पार्टियों को मतदान की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी कि आपको किस प्रकार मतदान प्रक्रिया के कार्य को पूरा करवाना है। उन्होंने बताया कि इस दौरान मतदान के दिन भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पोलिंग पार्टियों द्वारा भरे जाने वाले सभी फार्मों के बारे में बताया जाएगा कि यह फार्म किस प्रकार भरने है। इसके अलावा सभी पीओ अधिकारियों को यह भी जानकारी दी जाएगी कि ईवीएम मशीन किस प्रकार कार्य करेंगी और आपको किन-किन बातों का ध्यान रखना है।*

### बूथ वाइज करवाएं मार्किंग: डॉ. मनोज

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्ट्रॉन्ग रूम में मशीनों को रखने के लिए बूथ वाईज मार्किंग करवाएं ताकि मशीनों को यहां रखने में आसानी हो सके। इसके बाद उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी मतगणना केन्द्रों में बिजली की उचित व्यवस्था होनी चाहिए ताकि कैमरे 24 घण्टे चलते रहे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मतदान के बाद जब इन ईवीएम मशीनों को यहां रखा जाएगा तो यहां सभी पार्टियों के कैंडेट के लिए बैठने के लिए टेन्ट की व्यवस्था करवाएं और डीआईओ उसमें एक एलसीडी लगवाएं ताकि कैमरों के माध्यम से सभी स्ट्रॉन्ग रूम की तस्वीर उस एलसीडी पर चलती रहे। इसके अलावा यहां पर विधानसभा वाईज बनाए गए मतगणना केन्द्रों पर पहुंचने के लिए अलग-अगल साईन बोर्ड लगवाएं।

# देश की संवैधानिक संस्थाओं को बचाना जरूरी: सतपाल ब्रह्मचारी

- लोकसभा प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी और कांग्रेस के विधायकों, पूर्व विधायकों ने चलाया जनसंपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कांग्रेस पार्टी के सोनीपत लोकसभा से प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी ने शनिवार को सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में दर्जन भर से अधिक गांवों में जनसभा कर वोटकी अपील की। सतपाल ब्रह्मचारी ने बताया कि लोगों को कांग्रेस की न्याय गारंटी पर पूरा भरोसा है, जिससे स्पष्ट है कि आने वाला समय कांग्रेस का है और पार्टी लोकसभा चुनावों में बेहतरीन प्रदर्शन करेगी। राई विधानसभा में पूर्व विधायक जयतीर्थ दहिया, खरखौदा में विधायक जयवीर वाल्मीकि, गन्नौर हलके में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, गोहाना में विधायक जगबीर मलिक, सोनीपत में विधायक सुरेंद्र पंवार, बरोदा में विधायक इंदुराज नरवाल, सोनीपत शहर में मेयर निखिल मदान ने जनसंपर्क अभियान चलाते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। इसके अलावा पूर्व सांसाद धर्मपाल मलिक, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, सुखबीर फरमाणा, पवन गर्ग, हरिप्रकाश मंडल, भलेराम जांगड़ा, कमल हसीजा, सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र दहिया, सुरेंद्र छिक्कारा, सुरेश त्यागी, बिजेंदर आंतिल, जसपाल खेवड़ा, संजय खेवड़ा, जयभगवान आंतिल, सुनील कटारिया, अनूप मलिक आदि ने भी कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया।



सोनीपत। जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक सुरेंद्र पंवार, मेयर निखिल मदान एवं अन्य।



भाजपा नेता वीर कुमार यादव का स्वागत करते हुए प्रवीण वर्मा एवं अन्य।

### भाजपा नेता का स्वागत

**सोनीपत।** भाजपा वरिष्ठ नेता बाबू वीर कुमार यादव शनिवार को सोनीपत पहुंचें। जहां पर वर्मा पैथ लैब में उनका निदेशक प्रवीण कुमार वर्मा एवं स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर आरपीएस रोहतक के चेयरमैन श्रीभगवान यादव, निदेशक विनोद कुमार, मेडिकल लेबोरेटरी साइंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## वोटर क्यू एप बताएगी कि मतदान केंद्र पर लगी है कितनी लंबी लाइन : नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी निर्मल नागर ने क्षेत्र के बीएलओ से कहा कि वे अपने साथ अपडेटिड मतदाता सूची रखें ताकि मतदान करने के लिए आने वाले नागरिकों को कोई परेशानी न आए। साथ ही अपने संबंधित पोलिंग बूथों का भी निरीक्षण करते रहें। यदि पोलिंग बूथों में किसी भी प्रकार की कोई कमी है तो उसे समय रहते दुरुस्त करवाएं। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि चुनाव को लेकर किसी भी प्रकार की कौताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा लापरवाही करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी बीएलओ से कहा कि वे वोटर्स इन क्यू एप चलाने का अच्छी तरह से प्रशिक्षण लें। मतदान के दिन सभी बीएलओ हर आधा घंटे बाद मतदान करने के लिए पहुंचे मतदाताओं की संख्या को वोटर्स इन क्यू एप पर अपडेट करेंगे। इसमें वोट डालने के लिए लाइन में लगे लोगों का डाटा भी अपडेट किया जा सकेगा।

# जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर निपटाए मुकदमे

- 13 हजार 65 वादा का निपटारा, 3 करोड़ 79 लाख 22 हजार 32 रुपये की राशि का निपटान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया गया। सोनीपत में जिला स्तर पर, गोहाना, गन्नौर व खरखौदा में उपमंडल स्तर पर लोक अदालतें आयोजित की गई। इनमें कुल 13 हजार 65 मुकद्दमों का निपटारा करते हुए 3 करोड़ 79 लाख 22 हजार 32 रुपये की राशि का निपटान किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना क्लेम मामलों के 06 केसों का निपटारा किया गया, जिसमें वादियों का 44 लाख की समझौता राशि का निपटारा किया गया। इसके अलावा मोटर व्हीकल से संबंधित 8,671 चालानों का निपटारा किया गया व 54 लाख 73 हजार 350 रुपये की राशि वसूली गई। फौजदारी के 108 केसों का निपटान किया गया। 215 सिविल केस, 20 वैवाहिक विवाद संबंधी, 99 चेक बाउंस संबंधित केस का निपटान किया गया व 2 करोड़ 34 लाख 7 हजार 82 रुपये की राशि का निस्तारण किया गया। डिस्ट्रक्टि एडीआर सेंटर, सोनीपत में स्थाई लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न बैंकों के बैंक रिकवरी से संबंधित 22 केसों का निपटान किया गया। इसके अलावा पुलिस विभाग (कमिशनरी कार्यालय) व जिला राजस्व अधिकारी, तहसीलदार, सोनीपत, गोहाना, गनौर, खरखौदा, खानपुर व राई की बेंचो द्वारा राजस्व और अन्य सहायक मामलों सम्बन्धी मामलों का निपटान किया गया।



सोनीपत। लोक अदालत के दौरान उपस्थित न्यायधीश सुनवाई करते हुए।



# पुस्तक मेला से जुटाई विभिन्न जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में विज्ञान, पौराणिक कथाएं, नैतिक शिक्षा, देश विदेश की जानकारी संबंधित, प्रसिद्ध लेखकों के उपन्यास व कई कवियों की कई पुस्तकें प्रदर्शित की गईं। विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावक व शिक्षक भी इस मेले का हिस्सा बने और अपनी रुचि के अनुसार पुस्तकों की खरीददारी की। विद्यालय के चेयरमैन राकेश कुच्छल ने बताया कि पुस्तकें मनुष्य की सबसे अच्छी मित्र हैं। आज के डिजीटल युग में भले ही इनका महत्त्व कम हो रहा है लेकिन विद्यार्थियों में पठन कौशल की रुचि को बरकरार रखने के लिए उन्हें नियमित पुस्तकें पढ़ना जरूरी है।

## देश को विकास के शिखर पर पहुंचाने के लिए पूरा करना होगा 400 पार का संकल्प : मोहनलाल

- भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली के समर्थन में हुई विजय संकल्प रैली, सिकंदरपुर माजरा में निकाली ट्रैक्टर रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली के समर्थन में शनिवार को भाजपा प्रदेश सचिव पंडित उमेश शर्मा ने विजय संकल्प रैली में शामिल होकर जनता से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। जिसके बाद सिकंदरपुर माजरा में आयोजित विशाल ट्रैक्टर रैली में भाजपा समर्थक शामिल हुए।

भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली के समर्थन में हल्का बरोदा गोहाना में विजय संकल्प रैली का आयोजन किया गया। भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, राष्ट्रहित और देश को विकास के शिखर पर पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार संकल्प को हम सभी को मिलकर पूरा करने होगा, क्योंकि भाजपा जितना ज्यादा मजबूत होगी देश भी उतना भी ज्यादा मजबूत होगा। विजय संकल्प रैली के बाद सिकंदरपुर माजरा में विशाल ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया। इसके उपरांत मोहन लाल बडौली ने अपने नियमित जन संपर्क अभियान के तहत बरोदा और सोनीपत विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रभड़ा, बली, कटवाल, भैंसवाल, बिलबिलान, जसराना, गिवाना, आवली, रेवाडा, मोई, ककरोई रोड स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला, सेक्टर 14, सिद्धार्थ कॉलोनी, चावला कॉलोनी, सेक्टर 15 और सिक्का कॉलोनी में जनसंपर्क किया।



सोनीपत। विजय संकल्प रैली में पहुंचें भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली साथ में पंडित उमेश शर्मा एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### सेफ इंडिया फाउंडेशन करेगा छात्रवृति समारोह

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन ने छात्रों को पढ़ाई के प्रति और अधिक जागरूक करने के लिए रविवार 9 जून को छात्रवृत्ति सम्मान समारोह करने का निर्णय लिया है। शाम 5 बजे गेटवे एजुकेशन शिक्षण संस्थान सेक्टर 11 समारोह आयोजित किया जाएगा। इस बारे में चेयरमैन वाईके त्यागी और प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि वर्ष 2024 मे 12 वी कक्षा मे 80% से अधिक अंक लेने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा और जिन छात्रों के 60% से अधिक व 80% से कम अंक आएंगे उनको भी एक मौका दिया जायेगा जिसके तहत रविवार 2 जून को गेटवे संस्थान, सेक्टर 12 सोनीपत में उनका 10 बजे से 12 बजे तक एक टेस्ट लिया जायेगा और उसमे उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया जायेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# अपना मां का कभी भी दिल न दुखाएं : राजबीर

- मातृ दिवस पर एमआर पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शनिवार को मातृ दिवस पर शहर में महम मार्ग स्थित एमआर पब्लिक स्कूल में समारोह आयोजित किया गया। समारोह में माताओं के लिए सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताएं करवाई गई। मातृ दिवस समारोह के लिए मार्गदर्शन स्कूल के एमडी राजबीर शर्मा का रहा। उन्होंने कहा कि बच्चे की प्राथमिक पाठशाला उसका घर होता है और इस पाठशाला की पहली शिक्षक बच्चे की मां होती है। बच्चे का पहला गुरु उसकी मां ही होती है। एक बच्चे के सबसे बड़े शुभचिंतक उसके माता-पिता होते हैं। ऐसे में उनका हमेशा सम्मान करें और उनका कभी दिल न दुखाएं। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या अनीता शर्मा ने की। माताओं के लिए नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा 5 की परी की माता गीता प्रथम, कक्षा 4 की मिनल की माता ज्योति द्वितीय और एंजेल की माता संतोष तृतीय स्थान पर रही। खेल प्रतियोगिताओं में कक्षा 3 की छात्रा तनवी की मां ज्योति, कक्षा 6 की गिनी की मां पूनम और कक्षा 5 के बंसी की मां रेखा क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं।



गोहाना। माताओं को सम्मानित करते हुए एमडी राजबीर शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### जजपा युवा नेता प्रदीप बड़वासनी हुए भाजपाई



**सोनीपत।** जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदीप बड़वासनी भाजपा में शामिल हो गए। वो 2012 से लगातार 3 बार इनेलो में गोहाना युवा हल्का अध्यक्ष रहे। उसके बाद इनेलो से जजपा अलग पार्टी बनने पर फिर से गोहाना युवा हल्का अध्यक्ष रहे। उसके बाद 2 बार युवा प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर रहे। वर्तमान में युवा प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर थे। पार्टी छोड़ते हुए उन्होंने कहा कि आज जननायक जनता पार्टी अपने मुद्दो से भटक चली है। पार्टी के मेहनती साथियों को पार्टी पहचाने में विफल रही।



योग कार्यशाला में हिस्सा लेते हुए महाविद्यालय स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### योग पर हुई कार्यशाला, बताया योग का महत्व

**सोनीपत।** शंभू दयाल शिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में क्षेत्रीय स्तर पर योग एवं सेल्फ केयर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रचलन के द्वारा की गई। इस कार्यक्रम पर प्रधानाचार्य डॉ. सुनीता स्याल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग को शिक्षा के साथ जोड़ना था। इस अवसर पर शंभू दयाल शिक्षण महाविद्यालय के प्रधान विजय जैन, सचिव शिव कुमार, कोषाध्यक्ष नलिनी देवी व शंभू दयाल मॉडर्न स्कूल के प्रधानाचार्य सौरभ शर्मा ने बीएड के छात्रों में उपस्थित सदस्यों को योग के सर्वाधिक महत्व के बारे में बताया कि योग हमारे जीवन के लिए कितना आवश्यक है।



सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में मदर्स डे पर मां के प्रति स्नेह व सम्मान को प्रदर्शित करते छात्र-छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### मां शब्द में होता है संपूर्ण सृष्टि का बोध : सुधीर जैन

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में छात्र-छात्राओं ने हर्षोल्लास के साथ मदर्स डे मना कर मां के प्रति स्नेह व सम्मान को प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों ने नाटक, कविता व गीतों के माध्यम से मां के त्याग एवं उनकी ममता को नमन किया। बच्चों ने पेंटिग एवं पोस्टर के साथ ही आकर्षक रंगोली बनाकर मां के प्रति प्रेम को दर्शाया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं दी। सुधीर जैन ने कहा कि मदर्स डे समाज में माताओं के प्रभाव व सम्मान का उत्सव है। इस दुनिया में मां से खूबसूरत शब्द और कुछ नहीं है। इस मौके पर अध्यापिका नमिता, नीरजा,श्वेता शर्मा, बीना, ज्योति शर्मा, पीटीआई ज्योति, संजीत, भावना, रितु सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

**कार्यशाला** युवा दिमागों को प्रज्ज्वलित करना थीम पर हुआ कार्यक्रम

# स्टार्टअप शुरू करने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

अदालतों में टैक्नोलॉजी के माध्यम से बदलाव पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिन्दू कॉलेज ऑफ इंजिनियरिंग में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, हरियाणा सरकार की वित्तीय सहायता से स्कूलों से स्टार्टअप तक नवप्रवर्तन के लिए युवा दिमागों को प्रज्वलित करना थीम पर शनिवार को दो दिवसीय वर्कशाप का आयोजन किया। इसका मकसद इंजिनियरिंग छात्रों को अपने स्वंय के स्टार्टअप शुरु करने और भारत को दुनिया में स्टार्टअप का केन्द्र बनाने में योगदान देने पर रहा। इसमें इंजिनियरिंग, इनोवेषन तथा एंटरप्रेन्योरशिप पर व्याख्यान तथा छात्रों के लिए अनेक प्रतियोगिता आयोजित की गई। आज की प्रतियोगिताओं में लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार मलिक ने कहा दुनिया भर में आर्टिफिशियल इटेलिजेंस (एआइ) टेक्नालॉजी का उपयोग एवं क्षमता बढ़ रही है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ तकनीकी व्याख्यान में वकील विकास सैनी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लोक अदालत और तकनीकी युग में अदालतों में टैक्नोलॉजी के माध्यम से बदलाव पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ. आशु बंसल, रितु गोयल, आयुषी अग्रवाल, अनीला नसीयर, अंकुर कौशिक, गौरव अग्रवाल, पुनित शर्मा, नीरज सैनी, डॉ. प्रीति मल्होत्रा, राकेश वर्मा, प्रिंयका, अनिषा, प्रवीन नारंग आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। प्रतिभागियों के साथ अतिथिगण, प्राचार्य एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

